आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 26.03.2024 समय 18.30

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन का आखिरी दिन कल –अब तक कुल 50 पर्चे भरे गये।
- भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की दो और सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए– दौसा से कन्हैयालाल मीणा, जबकि करौली–धौलपुर सीट से इंदु देवी जाटव को टिकट दिया।
- निर्वाचन आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू के संबंध में परामर्श जारी किया।
- प्रदेश में गर्मी बढने के साथ ही कई स्थानों पर अधिकतम तापमान औसत से 2 से 3 डिग्री ऊपर दर्ज।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण मे 12 सीटों पर हो रहे चुनावों के लिए नामांकन का कल अंतिम दिन है। अब तक कुल 50 पर्चे भरे जा चुके हैं। आज भारतीय जनता पार्टी समेत अन्य पार्टियों और निर्दलीय प्रत्शायियों ने नामांकन पत्र जमा कराये हैं। आज नामांकन करने वाले उम्मीदवारों में सीकर से भाजपा उम्मीदवार स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, चूरू से देवेंद्र झाझड़िया और नागौर से ज्योति मिर्धा शामलि हैं। इसके अलावा सीकर से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उम्मीदवार अमराराम और अलवर से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार फजल हुसैन ने भी पर्चा जमा कराया। भाजपा के सीकर और नागौर प्रत्याशी के नामांकन में मुख्यमंत्री भजन लाल भी उपस्थित रहे। इसके बाद दोनों स्थानों पर उन्होंने जन सभाओं को संबोधित किया। सीकर में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अभी राज्य सरकार को 100 दिन पूरे हुए हैं और पेपर लीक करने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई रूकेगी नहीं और पेपरलीक में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कानून अपना काम करेगा।

-----------------------------

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। पहले चरण में प्रदेश में जयपुर सहित 12 निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के लिए 28 मार्च को अधिसूचना जारी होगी और 26 अप्रैल को मतदान होगा।

000

भाजपा और कांग्रेस ने राज्य की 25 लोकसभा सीटों में से ज्यादातर सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने आज राज्य की दो और सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए। आज जारी इस सूची में दौसा सीट से कन्हैयालाल मीणा को, जबकि करौली–धौलपुर सीट से इंदु देवी जाटव को टिकट दिया गया है।

पार्टी ने दौसा से सांसद जसकौर मीणा का, वहीं करौली–धौलपुर से सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट दिया है। इन दो नामों के ऐलान से भाजपा ने राजस्थान में अब तक कुल 25 सीटों में से 24 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। जबकि भीलवाड़ा सीट पर प्रत्याशी के नाम का ऐलान होना अभी बाकी है। दूसरी ओर कांग्रेस अब तक 22 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। पार्टी ने सीकर सीट अपनी सहयोगी पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लिए जबकि नागौर सीट अपने सहयोगी दल आरएलपी के लिए छोड़ी है। पार्टी ने अभी तक बांसवाड़ा सीट पर अपने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है।

000

राज्य में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से फेक न्यूज और हेट स्पीच पर निगरानी रखी जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर ईवीएम, कानून–व्यवस्था, मतदाता सूची, मतदान सहित चुनाव प्रक्रिया और मतदाताओं को प्रभावित करने संबंधी सूचनाओं पर निर्वाचन विभाग की पैनी नजर है। ऐसी सूचनाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है। श्री

गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली फेक न्यूज, गलत और भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए निर्वाचन विभाग ने नवाचार किया है। स्थानीय स्तर तक मॉनिटरिंग के लिए प्रदेशभर में करीब 80 पुलिस अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। राज्य स्तर पर पुलिस महानिरीक्षक शरत कविराज को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

000

चुनाव आयोग सी–विजिल एप के जरिए चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहा है। यह एप आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए है। इस एप के जरिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की फोटो, वीडियो लेकर ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर विभिन्न गतिविधियां जारी हैं। सीकर में जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी और पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर सभी आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील केन्द्रों पर अतिरिक्त जाब्ता तैनात करने को कहा।

उधर डूंगरपुर में दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए विधानसभा क्षेत्रवार हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। ये मतदाता मतदान से संबंधित समस्या और आवश्यक मार्गदर्शन के लिए इन नंबरों पर फोन कर सकते हैं।

..................

निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू के संबंध में परामर्श जारी किया है। इसमें कहा गया है कि मौसम विभाग ने गर्मी के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना व्यक्त की है जिसके कारण मार्च से जून के बीच लंबे समय तक भीषण गर्मी और लू की स्थिति पैदा हो सकती है। आयोग ने इस सिलसिले में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण की ओर से गर्मी से बचाव के लिये जारी सलाह साझा की हैं। अधिकरण ने लोगों को धूप में निकलने, विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे दिन के बीच बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है साथ ही आवश्यक मात्रा में पानी पीने को कहा गया है। लोगों को बासी खाना खाने से परहेज करने की भी सलाह दी गई है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया है।

000

प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में श्रीगंगानगर के रायसिंह नगर और श्री करणपुर विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया गया।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। आज का संदेश अजमेर के श्रोता ने भेजा है

000

प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर धुलंडी का पर्व मनाया गया। सिरोही जिले के पिंडवाड़ा में आज शहरवासियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। पूरे देश में जिस दिन धुलण्डी का पर्व मनाया जाता है, उसके **अगले** दिन पिंडवाड़ा में होली खेली जाती है।

डूंगरपुर के सागवाडा में आज गोबर से बने कंडो की राड हुई। इसमें युवाओं की 2 टोलियों ने एक दूसरे पर कंडे मार कर होली खेली। इस बीच पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने आज होली खेली। भीलवाडा की पुलिस लाइन मैदान में पुलिस और प्रशासन की होली का आयोजन हुआ। इस दौरान जवानों और अधिकारियों ने एक दूसरे के गुलाल और अबीर लगाया। डूंगरपुर में पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन के साथ पुलिस जवानों और अधिकारियों ने होली खेलकर एक दूसरे को गुलाल लगाया। कोटा में रेंज आईजी और पुलिस अधीक्षक ने जवानों के साथ होली खेलकर उनकी हौसला अफजाई की। बूंदी में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने होली खेलने के दौरान जमकर नृत्य भी किया।

000

श्रीगंगानगर जिले में पदमपुर मार्ग पर कार और रोडवेज बस की जबरदस्त टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल हुए एक व्यक्ति की हालत गंभीर है, जिसका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। दुर्घटना श्रीगंगानगर–पदमपुर मार्ग पर भगवानसर के पास हुई।

000

कोटा में एक और कोचिंग छात्र द्वारा खुदकुशी का मामला सामने आया है। ये छात्र एक निजी कोचिंग संस्थान में मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहा था। छात्र मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कनौज का रहने वाला था। वह बीते एक साल से कोटा में रहकर पढाई कर रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि इस छात्र के कई दिनों से कोचिंग नहीं जाने की बात सामने आई है। कोटा में इस साल कोचिंग छात्रों द्वारा सुसाइड का यह छठा मामला है।

000

राज्य में गर्मी बढने के साथ ही कई स्थानों पर अधिकतम तापमान औसत से 2 से 3 डिग्री ऊपर दर्ज हो रहा है। मौसम विभाग द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों में अधिकतम 39 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में दर्ज किया गया। इसी तरह जालौर में भी पारा 39 डिग्री पर पहुंच गया। बाड़मेर में भी तेज गर्मी रही और वहां अधिकतम तापमान 38 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

प्रदेश के कई अन्य स्थानों पर दिन का तापमान 36–37 डिग्री रहा। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 2–3 डिग्री बढोतरी होने की संभावना जताई है। विभाग ने कल और परसों जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री रहने की आशंका जताई है। विभाग ने कहा है कि एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आगामी 2–3 दिन में को बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

000